तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 16 नवंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

11 सपना हमेशा बड़ा देखो ताकि नंबर वन में स्थान मिले : अजय



12 गुरूनानक देव के प्रकाश पूरब पर सिंधी समाज ने निकाली शोभायात्रा


श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
Shri Gopala HOSPITAL
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव 18 दिसंबर से

**धमतरी।** रूद्री रोड गोकुलपुर में गायत्री पब्लिक स्कूल के पास 18 दिसंबर से 22 दिसंबर तक श्रद्धा प्रज्ञा सत्संग समिति गायत्री परिवार द्वारा 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव प्रज्ञापुराण कथा सत्संग प्रवचन का आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता एवं यज्ञकर्ता युग पुरोहित शांतिकुंज हरिद्वार होंगे। प्रथम दिन कलश यात्रा, प्रज्ञापुराण कथा, द्वितीय दिवस देव स्थापना, गायत्री महायज्ञ, व्याख्या, प्रज्ञापुराण कथा प्रवचन, तृतीय दिवस गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार निःशुल्क, कथा प्रवचन, चतुर्थ दिवस पुंसवन संस्कार, यज्ञ, दीप महायज्ञ, प्रज्ञापुराण कथा प्रवचन, पांचवें दिन गायत्री महायज्ञ, गुरू दीक्षा संस्कार, प्रवचन, गुरू महिमा, परिचय, पूर्णाहुति, प्रज्ञा पुत्रों की विदाई, भोजन प्रसादी से महायज्ञ का समापन होगा।



### शिवाजी नगर में 24 से शिवपुराण

**धमतरी।** शिवाजी नगर गोकुलपुर रुद्री रोड में 24 से 30 नवंबर तक शिवपुराण का आयोजन चंद्रकला अम्बरीश राव जगताप द्वारा किया जा रहा है। कथा दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक होगी। प्रवचनकर्ता पं मनोज दुबे सोरिद एवं परायणकर्ता पं विरेन्द्र महाराज होंगे। 25 नवम्बर को भस्म रुद्राक्ष, शिव महिमा वर्णन, देवराज की कथा, 26 नवम्बर को नारद मोक्ष, सृष्टि वर्णन, पंचमुख कथा, 27 नवम्बर को सती चरित्र, गंगा अवतरण, 28 नवम्बर को शिव पार्वती विवाह, 29 नवम्बर को बेलबती सम्पूर्ण कथा, चढ़ौत्री शोभायात्रा, 30 नवंबर को हवन, गीता यज्ञ के साथ कथा का समापन होगा।



### गोकुलपुर अखाड़ा के तीन खिलाड़ी यूपी में दिखा रहे दांवपेंच

**धमतरी।** राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा बालक बालिका कुश्ती चयन प्रतियोगिता जांजगीर चांपा में हुई थी, जिसमें जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी के बालक बालिकाओं ने अपने अपने वजन समूह में बेस्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 14 वर्ष बालक 35 किलो ग्राम में विनय यादव, बालिका 36 किलो ग्राम में तमन्ना यादव, बालक 51 किलो ग्राम में आर्यन निशान का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह स्पर्धा 16 नवम्बर तक गोरखपुर उत्तरप्रदेश में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में तीनों खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य शालेय क्रीड़ा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनके चयन पर जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर के उस्ताद भगवान सिंह यादव, संतोष साहू, राजकुमार नेताम, अंकालु भोयर, सोहन यदु, कृष्णा साहू, मेघराज यदु, प्रभात भोयर, रामकुमार साहू, खेल शिक्षक थामश पाल, जेपी देव, खिलेन्द्र, गिरीश, लोकेश साहू, कुश्ती प्रशिक्षक विजय कुमार यादव, नुमेश यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

पुलिस ग्राउंड धमतरी में सात दिवसीय भर्ती प्रक्रिया आज से, व्यवस्था में लगी जवानों की ड्यूटी

# पुलिस आरक्षक बनने प्रदेश के 64 हजार युवा बहाएंगे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रदेशभर के युवा पुलिस आरक्षक बनने के लिए धमतरी में पसीना बहाएंगे। 16 से 22 नवंबर तक आरक्षक भर्ती प्रक्रिया धमतरी के पुलिस मैदान में चलेगी, जिसमें 64 हजार युवा भाग लेंगे। इसके लिए पुलिस ग्राउंड में तैयारी पूरी हो चुकी है। दस्तावेज सत्यापन से लेकर दौड़ भाग आदि के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जा चुकी है।

आरक्षक पद रिक्त 108 एवं 2 अन्य पद के लिए आज से पुलिस ग्राउंड में भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। पुलिस विभाग इस परीक्षा को अच्छे से निबटाने के लिए जुटा हुआ है। जानकारी के अनुसार पूरे प्रदेश से युवा इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे। 64 हजार से ज्यादा युवा इस परीक्षा के लिए धमतरी पहुंचेंगे। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। पुलिस ग्राउंड को विभिन्न प्रकार की शारीरिक जांच के लिए तैयार किया गया है। दौड़ के लिए मार्किंग भी की जा चुकी है। यह परीक्षा एक सप्ताह तक चलेगी। युवाओं को रोल नम्बर एलॉट किया गया है। हर दिन अलग -अलग रोल नम्बर के युवाओं को इस परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। प्रतिदिन 500 से 2500 तक युवाओं की जांच होगी। व्यवस्था में 200 से ज्यादा पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय और एएसपी मणकिशंकर चंद्रा खुद तैयारियों पर नजर रखे हुए हैं। पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में जुटे हुए हैं।



### पारदर्शिता के साथ होगी प्रक्रिया

आरक्षक भर्ती परीक्षा में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। एसपी श्री वार्ष्णेय ने अधिकारियों को इसके लिए विशेष रूप से नजर रखने के निर्देश दिए हैं। आरक्षक पद पर सिलेक्शन के लिए कोई रूपए मांगता है या लेता है तो उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं रूपए देने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। एसपी श्री वार्ष्णेय ने बताया कि यह भर्ती पूरी तरह से कम्पयूटरीकृत है, जिसमें हेराफेरी की गुंजाइश नहीं है। इसके बाद भी कोई भर्ती कराने का झांसा देकर रूपए मांगता है तो उनके पास शिकायत की जा सकती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, उ पुलिस अधीक्षक एसजेपीयू, उपपुलिस अधीक्षक यातायात, उपपुलिस अधीक्षक कुरूद, उपपुलिस अधीक्षक नगरी और उपपुलिस अधीक्षक नक्सल के पास शिकायत की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आटोरिक्शा, ई रिक्शा चालकों को भी चेतावनी दी गई है कि वे युवाओं से उचित किराया ही लें। शिकायत आने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।

### सुचारू ट्रैफिक और पार्किंग के इंतजाम

भर्ती परीक्षा में धमतरी जिला सहित अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में युवा शामिल होंगे। इस दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। उपपुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि आगामी पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने निजी वाहनों से आने वाले अभ्यर्थियों की सुगम, सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु पॉलीटेक्निक कॉलेज खेल मैदान एवं दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पार्किंग व्यवस्था की गई है। बसों से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए भर्ती स्थल पहुंचने हेतु बस स्टैण्ड धमतरी एवं अंबेडकर चौक में शेयरिंग आटो उपलब्ध रहेगा।

## पड़ोसी पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जमीन विवाद के कारण पड़ोसी पर आरीनुमा हथियार से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मामला बेंद्रानवागांव का है। प्रार्थी निरंजन ढीमर पिता दिनेश ढीमर उम्र 27 वर्ष साकिन बेन्द्रानवागांव गुरुवार को थाना रूद्री में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पड़ोस में रहने वाले सुरेन्द्र के साथ उनका जमीन विवाद है। इसी रंजिश के चलते सुरेंद्र ने अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आवेश में आकर सुरेंद्र ने अपने पास रखे लोहे के लकड़ी काटने के आरीनुमा हथियार से हमला किया जिससे उसके बायें हाथ में चोट आई है। आरोपी के खिलाफ रूद्री पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351(2),118 (2) के तहत वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सिविल लाइन रूद्री उपनिरीक्षक अमित बघेल, सउनि भीष्म अवस्थी, प्रआर सतेर शोरी, आरक्षक गोपी सोनकर, ढाल ध्रुव, नितेन्द्र पाण्डेय का योगदान रहा।




सुबह भजन कीर्तन, दोपहर आम लंगर, रात्रि में मनाया गया जन्मोत्सव, हुई आतिशबाजी

## प्रकाश पूरब पर गुरुद्वारे में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुरुनानक देव महाराज के प्रकाश पूरब पर्व पर शुक्रवार को सिख समाज की ओर से गुरूद्वारा में दिनभर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत रविन्दर सिंघजी जोनी बाबा एवं उनकी टीम द्वारा सुबह 10 से 12 बजे तक एवं रात्रि 10 से 12 बजे तक साध संगत शबद कीर्तन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर गुरूद्वारा में सैकड़ों लोगों ने मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। दोपहर 12 बजे से शाम तक आमलंगर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

श्री गुरूसिंग सभा के अध्यक्ष जगजीवनसिंघ सिद्धू, सचिव जयपाल सिंघ छाबड़ा ने बताया कि शुक्रवार को गुरूद्वारा में 7.30 बजे अखंड पाठ साहिब रखा गया। 8 बजे स्वल्पाहार, 8.30 बजे बच्चों का शबद कीर्तन, पाठ की संपूर्णता के बाद गुरू का अटूट लंगर रखा गया। शाम 7 बजे समाजजनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम रखे गये। 12 बजे के बाद जन्मोत्सव मनाकर आतिशबाजी की गई। उन्होंने बताया कि यह पर्व समाजजनों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसे प्रमुख त्योहार के रूप में मनाते हैं। प्रकाश पूरब का कार्यक्रम 22 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया था। 6 नवंबर से प्रभातफेरी निकाली गई। 13 नवंबर को शोभायात्रा निकाली गई। शुक्रवार 15 नवंबर को प्रकाश पर्व मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गुरुमुखसिंघ होरा, हरमिंदरसिंघ होरा, हरमिंदर सिंघ छाबड़ा, जगजीवन सिंघ सिद्धू, जसपाल सिंघ, रजिन्दर सिंघ छाबड़ा, गुरुप्रीत सिंघ मान, गुरुप्रीत सिंघ गाले, मनदीप सिंघ खनूजा, ममता खालसा, हरजीत सिंघ खालसा, गुरवीन कौर कोहली, गुरुजोत सिंघ खालसा, सिमरन कौर, अमरजीत सिंघ खालसा, अंग्रेजी सिंघ गाले, मोहनलाल चोपड़ा, सविन्दर सिंघ जुनेजा, भूपेन्दर सिंघ तलूजा, गुरुमुख सिंघ खनूजा, मनमीत सिंघ गिल, प्रिंस सिंघ छाबड़ा, सतपाल सिंघ अजमानी, जसपाल सिंघ तलुजा, मनजीत सिंघ छाबड़ा, अवतार सिंघ गरेवाल, मनदीप सिंघ ढिल्लन, सतनाम सिंघ धनोवा, बलविन्दर सिंघ बग्गा, जसविन्दर सिंघ बग्गा, संदीप सिंघ जुनेजा, हरमीत सिंघ होरा, अरविन्दर सिंघ मुंडी, रिंकू वीरा, राजा वीरा, मोंटी सिंघ सहित सभी समाजजन उपस्थित थे।




## जाति प्रमाण-पत्र के कार्य से मुक्त रखने आंबा कार्यकर्ताओं ने उठाई आवाज

- विभागीय तथा अन्य विभाग के कार्य के दबाव में बच्चों पर ध्यान देना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जाति प्रमाण-पत्र बनाने संबंधी जिम्मेदारी मिलने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पसोपेश में हैं। शुक्रवार को छग जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के नाम जाति प्रमाण- पत्र आनलाइन नहीं कर पाने का ज्ञापन सौंपा है।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा यादव, संतोषी बंजारे, भोज ध्रुव, वंदना रामटेके, कुमारी साहू, पुष्पलता ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य विभाग का कार्य करना पड़ता है। बीएलओ, ओबीसी सर्वे, निर्वाचन कार्य को संपादन करते आ रहे हैं। अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जाति प्रमाण- पत्र बनाने आनलाइन करने कहा जा रहा है। जाति प्रमाण -पत्र पटवारियों के माध्यम से बनता है। कार्यकर्ताओं से जाति प्रमाण -पत्र संबंधी कार्य नहीं संभाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागीय कार्य करते कार्यकर्ता, सहायिका बच्चों पर अधिक ध्यान नहीं दे पाती हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन कर कहा है कि उन पर काम का बोझ लादा जा रहा है। विभागीय कार्य के अलावा अन्य कार्य को करते करते आगे कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नहीं होगी। संघ ने जाति प्रमाण पत्र संबंधी कार्य से मुक्त करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि मगरलोड ब्लाक के ग्राम तेंदुभाठा की आंगनबाड़ी में पढ़ने गई सेजल की कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। घटना 23 अक्टूबर की है। जांच कार्रवाई के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को बर्खास्त होना पड़ा है।

## उड़नदस्ता दल ने 452.4 क्विंटल अवैध धान जब्त किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- कोलियारी, कलारतराई, संबलपुर में की कार्रवाई

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में धान के अवैध भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य अधिकारी ने कहा कि उड़नदस्ता दल द्वारा सुयश ट्रेडर्स ग्राम कोलियारी में शत्रुघन सोनकर एवं न्यू सुयश ट्रेडर्स ग्राम कलारतराई में और शीतलकुमार बग्गा ग्राम संबलपुर के प्रतिष्ठान की आकस्मिक जांच की गई। सुयश ट्रेडर्स ग्राम कोलियारी में 291 कट्टा (116.4 क्विंटल), न्यू सुयश ट्रेडर्स ग्राम कलारतराई में 786 कट्टा (314.4 क्विंटल) तथा शीतल कुमार बग्गा ग्राम संबलपुर की दुकान में 54 कट्टा (21.60 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाए जाने पर उक्त तीनों फर्म संचालकों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 452.4 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया।



कार्तिक पूर्णिमा पर हटकेशर व नगर से जुड़े रत्नाबांधा, कोलियारी में मड़ई की धूम रही

## शहर के कई वार्डों में आज भी पुरानी परंपरा कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर में शहरीकरण के बढ़ते दायरे के बीच आज भी यहां सांस्कृतिक परम्परा कायम है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन शहर के वार्ड क्रमांक एक हटकेशर सहित नगर से जुड़े ग्राम रत्नाबांधा और कोलियारी में मड़ई धूमधाम से मनाई गई।

हटकेशर स्थित मां अंगारमोती के नाम से हर साल मड़ई का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को हटकेशर मड़ई में डांग के साथ सिरहा बैगा पारम्परिक धुन में खूब नाचे झूमे। हटकेशर में शासकीय स्कूल बाजार चौक तथा बरपारा में मड़ई घूमने लोगों की बड़ी भीड़ उमड़ी। मड़ई घूमने पहुंचे संतोष देवांगन, कृष्णा बंजारे ने बताया कि उन्होंने बच्चों को झूला झुलाया। गुब्बारे खरीदे और देवी दर्शन कर आशीर्वाद लिया।



शहर का विस्तार ग्राम रत्नाबांधा तक हो चुका है। पंचायत के विरोध के चलते यह शहर में शामिल नहीं हो पाया, लेकिन पॉश कालोनियां सहित बड़ी बड़ी बिल्डिंग रत्नाबांधा को चकाचौंध करती है। रत्नाबांधा निवासी अंजोर यादव, पुरानिक ढीमर, शंकर सेन ने बताया कि यहां प्राचीन रत्नेश्वर महादेव मंदिर है। यहां रत्नाबांधा तालाब के नाम से गांव का नाम पड़ा है। प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर रत्नेश्वर महादेव के नाम से मड़ई का आयोजन किया जाता है।

शहर से लगे ग्राम कोलियारी महानदी के पट पर बसा हुआ है। महानदी तट स्थित महाकालेश्वर महादेव के नाम से कार्तिक पूर्णिमा पर मड़ई का आयोजन होता है। मड़ई में आसपास गांव के दर्जनों डांग-डोरी देव विग्रह सिरहा बैगाओं के साथ पहुंचते हैं। अनिल साहू, राजकुमार चक्रधारी, निलेश चक्रधारी ने बताया कि शहरीकरण के बीच अंचल में मड़ई मेला की प्राचीन परम्परा कायम है। सरपंच कमलनारायण सोनकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान मड़ई मेले से होती है।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

### सरकार पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने हरसंभव प्रयास कर रही : टंकराम

# मसानडबरा में प्रभारी मंत्री ने पीएम जनमन आवास का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी/सांकरा



प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण और जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा नगरी विकासखण्ड के ग्राम सांकरा में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कमार बसाहट मसानडबरा पहुंचकर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बने आवासों की पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। गांव पहुंचने पर विशेष पिछड़ी जनजाति कमार लोगों ने प्रभारी मंत्री वर्मा का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणों से तीन-धनुष के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इस मौके पर कहा कि शासन विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिले, इसके लिए शिविर आयोजित किया जा रहा है। मसानडबरा के प्रधानमंत्री आवास की हितग्राही भगवंतीन कमार ने बताया कि वे आज काफी खुश हैं। आज उन्हें अपने सपनों का पक्का मकान तैयार मिल गया। वे प्रसन्न होकर कहती हैं कि हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि हमारा कभी पक्का मकान होगा। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहती हैं कि साय विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रहे हैं। हितग्राही बालप्रसाद कमार ने बताया कि पहले उनकी टूटी-फूटी घास-फूंस और मिट्टी की कच्ची झोपड़ी थी, जिसमें उन्हें आए दिन जंगली जानवरों और कीड़े-मकोड़ों सहित बारिश में टपकने का डर लगा रहता था। आज अपने पक्के मकान में प्रवेश कर वे काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि अब हम अपने पक्के मकान में परिवार के साथ सुख-चैन से रहेंगे। गौरतलब है कि ग्राम मसानडबरा में 43 परिवार निवासरत हैं और जनसंख्या 173 हैं। यहां प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 31 आवास स्वीकृत हुए हैं।

कार्यक्रम में प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक पिंकी शाह, नागेन्द्र शुक्ला मंडल प्रभारी, कमल डागा अरूण सार्वा उन्नत कृषक, अकबर कश्यप अध्यक्ष बेलर मंडल, मोहन पुजारी उपाध्यक्ष भाजपा बेलर मंडल, राकेश चौबे महामंत्री, हृदय साहू महामंत्री, रूपेन्द्र साहू व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, कमल डागा, जितेन्द्र मंडावी, शशि ध्रुव सरपंच सांकरा, गिरवर भंडारी ग्राम व्यवस्था समिति सांकरा हरि भंडारी, सत्तू कमार समेत बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर, एसपी, नगरी एसडीएम सहित पुलिस प्रशासन व ग्राम पंचायत सांकरा के सचिव, पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

## साहू समाज के आदर्श विवाह में एक जोड़ा परिणय सूत्र में बंधा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली क साहू समाज के द्वारा आदर्श विवाह कराया गया। बाजार चौक स्थित मां कर्मा माता के मंदिर प्रांगण में कामेश्वर साहू पिता दिलीप साहू एवं ललिता साहू पिता सुरेश साहू का विवाह हुआ। ग्राम पाहंदा निवासी सुरेश साहू ने सामाजिक रीति रिवाज के साथ आदर्श विवाह किया। साहू समाज की इस पहल को अनुकरणीय बताया।

इस अवसर पर अध्यक्ष ठाकुर राम साहू, उपाध्यक्ष रामगुलाल साहू, ईश्वर सोन, किशन महंत, यशवंत साहू, शेखर साहू, चंपू साहू, आनंद साहू, मिथिलेश साहू, दुरेन्द साहू, प्रमोद साहू, शेर सिंह हिरवानी, रूक्मणि साहू, मेघनाथ, हुमन सोन, टेमन साहू, तारण साहू, डेमन साहू, सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## खो-खो में महिला टीम को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



सेक्टर स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता 11 नवम्बर को शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर में हुई, जिसमें संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की महिला टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। टीम ने लगातार 4 मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में उपविजेता के खिताब से टीम को संतोष करना पड़ा। टीम में दुर्गा कोडोपी, समृद्धि, हिना, ज्योति पटेल, कविता नेताम, राजेश्वरी, भूमिका, ईश्वरी, योगिता, सत्यवती, कविता शामिल रही। टीम के व्यवस्थापक के रूप में चित्रमणी श्रीमाली सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र रहे।

इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ. अरूण मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, प्राध्यापक डॉ.एनके मेश्राम, एमएस साहू, डॉ. आरके पाण्डेय, सरस्वती घृतलहरे, बीआर देवांगन, डॉ.ओमजी गुप्ता, डॉ. तरूण पटेल, हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा वंजारी समेत महाविद्लयीन स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा किया

- नगरी सोसाइटी में पूजा-अर्चना कर धान खरीदी का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी सोसाइटी में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस के मुख्य आतिथ्य किया गया। इस अवसर पर श्री बैस ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत राज्य सरकार द्वारा ने जो वादा किया था, उसके तहत समर्थन मूल्य 3100 रुपये में धान की खरीदी की जा रही है। एकमुश्त किसानों के खाते में राशि आयेगी। इस बीच किसानों और हेमाल के बीच निर्णय लिया गया कि किसान अपने अनुसार कार्य कर सकते हैं। ट्रेक्टर से धान कट्टा उतारने और बोरा में धान भरने हमाल का सहयोग ले सकते हैं। इसका मेहनताना प्रति बोरा 3 रुपये लिया जायेगा। सोसाइटी प्रबंधक वासुदेव ने बताया कि एक दिन में 6 से 7 हजार बोरा धान खरीदी का लक्षय मिला है। इसे 45 दिन में पूर्ण किया जाना है। नगरी सोसाइटी को 1 लाख 25 क्विंटल धान की खरीदी करनी है। मौके पर जिला मंत्री भाजपा राजेंद्र गोलछा, नागेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा गुरु प्रसाद साहू, रूपेंद्र साहू, नरेंद्र नाग, अश्वनी निषाद, सहदेव राम साहू, धनीराम साहू, प्रेमानंद साहू, योगेंद्र सिंह ठाकुर शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर समेत किसान नेहरू राम साहू, सहदेव राम साहू, बीरकुमार साहू, गणेश, पिलेश्वर, मूलेश व अन्य मौजूद थे।

## मॉडल ग्राम पिपराहीभर्री में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ







- पीएम आवास निर्माण कार्य का अवलोकन करने पहुंची केंद्रीय टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत कौहाबाहरा के मॉडल ग्राम पिपराहीभर्री (कमारपारा) में आंगनबाड़ी केंद्र उद्घाटन किया गया। यहां 32 पीएम आवास बनाये जा रहे हैं। इसे देखने दिल्ली की केंद्रीय टीम के साथ अन्य सात राज्यों के अधिकारी पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर नम्रता गांधी समेत आला अधिकारी व सरपंचद्वय शिवप्रसाद नेताम, तुलसी मंडावी, जनपद सभापति बंशीलाल सोरी, ग्रामीण अध्यक्ष रामलाल नेताम व ग्रामवासी उपस्थित थे। इस दौरान अधिकारियों को बांस से बनाई गई टोपी व अन्य कलाकृति भेंट की गई।

## बाल मेला में छात्रों ने वेजपकौड़ा, मैगी, नूडल्स के लगाए स्टाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

- अंवरी स्कूल में मनाई गई पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में बाल दिवस मनाया गया। भारत के पहले प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। बाल मेला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा-छात्राओं द्वारा 15 जगहों पर स्टाल लगाए गए जिसमें वेजपकौड़ा, मैगी, नूडल्स एवं देसी पकवान में मिर्ची भजिया, चाट, भेल रखे गए। रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रथम डीगेश तारक, द्वितीय डिगेश्वरी साहू, तृतीय कुमकुम रही। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम डिगेश्वरी, द्वितीय तामेश्वरी, तृतीय विक्षा बनारसी रही। शाला प्रबंधन समिति ने शिक्षकों को श्रीफल देकर सम्मानित किया। मौके पर शाला विकास समिति अध्यक्ष फलेन्द्र ध्रुव, लेखराम साहू, भुनेश्वर साहू, खिलेन्द्र साहू, पवन यादव, भागी सोनवानी, प्रभारी प्राचार्य पीएन साहू, आईआर साहू, केएल यादव, एलबी साहू, डीके साहू, एच कुर्रे, बीपी जोशी, डीके कुर्रे, एलके साहू, सौरभ पटेल, आरआर ध्रुव, एन सिन्हा, पी सिन्हा, केएल घोघरे, रेखा मसराम, गीता जांगड़े, दामिनी ध्रुव, पूरन डाहरे, नरसिंग नेताम सहित पालकगण एवं छात्रा-छात्राएं उपस्थित थे।

## बाल दिवस पर हुई दौड़ में धारणी-उर्वशी रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

- प्रधानपाठक ने बच्चों को चाचा नेहरू के आदर्शों से प्रेरणा लेने कहा



माध्यमिक शाला गोरेगांव में चाचा नेहरू के जन्मदिन पर भाषण, कविता व खेलकूद का आयोजन हुआ। वरिष्ठ बालिका की 100 मीटर दौड़ में प्रथम धारणी साहू, द्वितीय मेघा गौर, कनिष्ठ बालिका 100 मीटर दौड़ में प्रदम उर्वशी साहू, द्वितीय वंशिका बंजारे बालक 100 मी दौड़ में प्रथम प्रवीण मरकाम, द्वितीय रूद्रेश निषाद रहे। बालिकाओं की कबड्डी में प्रथम गीतांजलि निषाद दल, द्वितीय याचना यदुराज दल, बालक कबड्डी में प्रथम हर्ष कुमार साहू दल, द्वितीय भीनेश कुमार साहू दल रहे। भाषण प्रतियोगिता में भी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सरपंच मालती ध्रुव द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। कौशल प्रसाद साहू प्रधानपाठक ने छात्र-छात्राओं को न्योता भोज में खीर-पूड़ी व भजिया खिलाया। प्रधानपाठक ने चाचा नेहरू का जीवन वृतांत सुनाया व बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने कहा।

मौके पर शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया, शिक्षिका चंद्रप्रभा साहू, अंजलि साहू, प्रथम साहू, ईश्वरी ऐल्मा, इंदिरा यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन केपी साहू ने किया।

### शिक्षक दयालुराम ने पुत्री की स्मृति में बच्चों को कराया न्योता भोज

# हाईस्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन क धमतरी जिलाध्यक्ष व प्रभारी प्राचार्य शिक्षक दयालु राम साहू ने अपनी पुत्री स्व. वंदना साहू की स्मृति में शासकीय हाईस्कूल जोरातराई (सी) में मां सरस्वती की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा करवाकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया।

गुरुवार को स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर जोरातराई (सि) में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण-शिलान्यास करने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने प्राचार्य दयालुराम के बुलावे पर हाईस्कूल पहुंचकर वहां स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा से पर्दा हटा लोकार्पित किया। पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की। इस दिन भी शिक्षक श्री साहू ने अपनी पुत्री की स्मृति में स्कूली बच्चों को खीर-पूड़ी, बड़ा, केला, दाल-भात, सब्जी खिलाकर सद्भावना प्रकट की। न्योता भोज पाकर सभी बच्चे हर्षित हुए।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चोवाराम गंजीर, सरपंच सविता गंजीर, ग्रामीण अध्यक्ष यीशु साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष दानीराम साहू, भानु राम, छबिलाल साहू, संकुल समन्वयक द्वय लुनिशचन्द्र भेसले, मेहताब साहू, यशवंत गंजीर, शिक्षकगण ओपी साहू, मिथिलेश, राजेश मिश्रा, श्रीमती सोनबेर, सुश्री यादव, टीआर साहू, स्वीपर मेहताब साहू, देवानंद साहू उपस्थित थे।

### न्योता भोज के लिए वेटिंग लिस्ट पर चार नाम

शासकीय प्राथमिक शाला जोरातराई के प्रधानपाठक सुदामा राम साहू ने बताया कि धमतरी जिले में सबसे पहले न्योता भोज की शुरूआत हमारे स्कूल से ही हुई है और न्योता भोज देने वाले और कोई नहीं हाईस्कूल के प्राचार्य दयालुराम साहू ही हैं। आज फिर से उन्होंने यह भोज कराकर न केवल अपनी सद्भावना स्कूल के प्रति प्रकट की है बल्कि शासन की मंशानुरूप उनके योजना को संचालित कराने में भी हमारी मदद की है। उन्होंने आगे बताया कि उनके यहां प्रति माह कोई न कोई न्योता भोज दे रहे हैं। इस बार न्योता भोज के लिए अभी से चार लोगों का नाम वेटिंग लिस्ट में है। उन्होंने इसके लिए खुशी जाहिर करते हुए ग्रामीणों से आगे भी सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की है।

### निधन

**धनऊराम साहू**



धमतरी। ग्राम लिमतरा के प्रतिष्ठित नागरिक धनऊराम साहू 82 वर्ष का निधन हो गया। वे फगेश्वर साहू के पिता एवं अजय विजय के दादा थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## अंचल की खबरें

### धान बेचने में किसानों में भारी उत्साह



**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मेघा में 14 नवंबर को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। सोसाइटी में प्रथम दिन धान बेचने में किसानों में उत्साह रहा। ऑनलाइन टोकन सिस्टम से किसानों से धान खरीदी की गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिव्या पूर्णानंद पटेल, यशोदा नागरची सरपंच गिरौद, संतोष सोनी, योगेश्वर साहू, रिखीराम साहू, रामस्वरूप साहू, मुकेश साहू, सुखऊराम, राधेश्याम निषाद, नोडल अधिकारी विकास डड़सेना, समिति प्रबंधक वीरचंद साहू, आरईओ व्यासनारायण चंद्राकर , कंप्यूटर ऑपरेटर डूमेश साहू, हेमलाल साहू, महेश निषाद सहित कई कृषक उपस्थित थे।

### 72 घंटे के भीतर खाते में आयेगी धान की राशि



**नगरी।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिहावा में विधिवत पूजा अर्चना के बाद धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलामंत्री प्रेमलता नागवंशी थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसानों के खाते में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि 72 घंटे के भीतर ऑनलाइन कर दी जाएगी। कार्यक्रम में रामेश्वरी साहू, रंजना सूर्यवंशी, शारदा ध्रुव, नेमसिंह साहू, रामलाल नेताम, नरेंद्र सेन, लाकेश्वर पटेल, नोडल अधिकारी नीलकंठ साहू, प्रबंधक राजेश यदु, पंजर साहू, भागी पटेल, नंद नेताम, समूह की महिलाएं, सोसाइटी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।

### जनपद सभापति ने किया धान खरीदी का शुभारंभ



**अंवरी।** धान खरीदी केंद्र कोलियारी में क्षेत्र की जनपद सदस्य परमेश्वरी महेंद्र साहू ने मां लक्ष्मी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं किसान अलेनराम तरक के धान की पूजा-अर्चना कर किसानों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए धान खरीदी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ हरदेल, टीआर साहू, समिति प्रबंधक, किसान उपस्थित थे।

### जीजामगांव में बाल दिवस मनाया गया



**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी उमावि जीजामगांव में कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था प्रमुख वायपी गोस्वामी, डीके साहू, वायके साहू, ए बघेल, के साहू, एम डहरिया, एस शिंदे, एस. वत्सल उपस्थित थे। मंच संचालन डीके साहू ने किया।

### कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को किया याद



**अंवरी।** भारत के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा गांधी प्रतिमा स्थल में स्व. नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष भरत नहर, विनोद साहू, प्रभारी महमंत्री होमेंद्र साहू, जपं सदस्य परमेश्वरी महेन्द्र साहू, संतोष साहू, डॉ हरदेल, पार्षद संतोषी निषाद, ब्लाक उपध्यक्षगण रामचंद्र साहू, सोमनाथ साहू, टीआर साहू, अनिल निर्मलकर, पुखराज साहू, रवि महेश्वरी, रूपेंद्र साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला भैंसमुंडी में हुआ न्योता भोज



**सिर्री।** बाल दिवस पर नवीन प्राथमिक शाला भैंसमुंडी के बच्चों के लिए लखनलाल साहू, मानिक साहू, मोहन साहू, एवन साहू, शिवकुमार साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने भी न्योता भोज का लुत्फ लिया। मौके पर शिक्षकगण, सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मंडल अध्यक्ष व महामंत्री ने किया शुभारंभ



**धमतरी।** भाजपा मंडल आमदी के अध्यक्ष मुरारी यदु व महामंत्री अमन राव ने खरीदी केन्द्र कुर्रा में धान खरीदी का शुभारंभ किया। मौके पर बिसौहा राम, परमेश्वर साहू, प्रभुराम, भागवत साहू, भगवती साहू, शिवदयाल साहू, मदन साहू, समिति प्रबंधक पुरुषोत्तम साहू, रितुराज साहू उपस्थित थे।

### दरगहन में मनाया गया बाल दिवस



**धमतरी।** प्राशा नयाडीह दरगहन में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रुप में मनाया गया। मोमिन निषाद प्रधानपाठिका ने बच्चों को गुलाल लगाकर उत्साहवर्धन किया। शाउमावि सलोनी के प्राचार्य आरके गुप्ता और जीएस साहू शिक्षक ने बच्चों को चॉकलेट और बिस्किट बांटी। इस अवसर पर खेमराज साहू और शिक्षक स्टाफ उपस्थित थे।

### सराय स्कूल में हुआ बाल भोज का आयोजन



देश के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी हमारी : मोटवानी

**धमतरी।** बाल दिवस पर सराय स्कूल में बाल भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अतिथि पार्षदगण राजेंद्र शर्मा एवं विजय मोटवानी थे। इस अवसर पर श्री मोटवानी ने कहा कि देश के बच्चों को समुचित शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने व संस्कारवान बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। इसी से राष्ट्र का विकास संभव है। सभी वर्ग शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए अपना योगदान दें। मौके पर संकुल समन्वयक भुनेश्वर साहू, प्रधानपाठिका अनीशा ग्वाल, सहायक शिक्षक जागेश्वरी मांडवी, वेदवती साहू, मुकेश्वरी चंद्रवंशी तथा सहायिका पुष्पलता उपस्थित रहीं।

### बेलर से जैतपुरी रोड का हाल बुरा



- गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे राहगीर

**नगरी।** बेलर से जैतपुरी रोड का बुरा हाल है। यह आमगांव भुरसीडोंगरी बरबांधा घुरावड़ जैतपुरी से होकर कांकेर जिला जाने का मुख्य मार्ग है। इस मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण आये दिन दुर्घटना हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के समय रोड किनारे से पानी बह रहा था। आज तक रोड किनारे के गड्ढों की मरम्मत भी नहीं की गई है। इस रोड को देखने की फुर्सत विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नहीं है। रात्रि में गड्ढे नहीं दिखने के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

### गढ़डोंगरी माल में बिरसा मुंडा की जयंती मनी



**नगरी।** ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी माल में क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कपिल मरकाम सरपंच ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह जननायक 25 साल की उम्र से अपने समाज के लिए और देश के लिए, निरंतर समर्पित रहे। देश को आजाद कराने में इनका सहयोग रहा। मौके पर लखमूराम मरकाम सचिव, उदेराम मरकाम, महेश नेताम, लोकेश्वर मरकाम पंच समेत अन्य मौजूद रहे।

### करेली बड़ी में बाल उत्सव का हुआ आयोजन



**मगरलोड।** समाधान एकेडमी करेली बड़ी में चाचा नेहरु के जन्म दिवस पर बाल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सोहंग साहेब ने बच्चों और शिक्षक शिक्षिकाओं को अपना आशीष वचन प्रदान किया। शिक्षकों ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व को बताया। विद्यार्थियों ने चाचा नेहरु के छायाचित्र पर चंदन और पुष्प अर्पित किए। मौके पर प्रधानपाठक सीएम साहू, टिकेश्वर ध्रुव, गोदावरी साहू, कांति निषाद, भूपेंद्र साहू, उत्तम साहू, जागेंद्र साहू, भाग्यश्री साहू, उपासना यादव, ओंकार साहू, कुंती साहू, मनोज साहू, गीतेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## कुरूद विधायक ने किया दक्षिण इंटर कॉलेज खेल समारोह का शुभारंभ

# सपना हमेशा बड़ा देखो ताकि नंबर वन में स्थान मिले : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र चर्रा कुरूद में दक्षिण इंटर कॉलेज खेल समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि अध्ययन के साथ-साथ खेलकूद भी बेहद जरूरी है। यह आपको अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने लाने एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि कभी भी अवसाद में न जाएं, मनु भाकर बार-बार असफल होती रही फिर भी उन्होंने अपने प्रयास के दम पर ओलंपिक में दो-दो ब्रॉन्ज जीत कर एक इतिहास कायम किया और लोगों के लिए एक आइकॉन बने। बचपन से ही जेवेलिन थ्रो के कड़े अभ्यास के बाद नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो के ओलंपिक विजेता बने। ऐसे ही आप सभी अपनी प्रतिभा को अपने हुनर को जमाने के सामने लाएं। उन्होंने सपने हमेशा बड़े देखने की बात कहते हुए कि मैं भी बड़ा सपना देखता हूं कि कुरूद की जीडीपी टॉप पर पहुंचे और कुरूद के शैक्षणिक केंद्र से लेकर, स्पोर्ट्स ग्राउंड तथा अन्य मंच इसे नंबर एक पर पहुंचाएंगे।

### निरंतरता ही विकास का पैमाना है

विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि चर्रा-कुरूद का धरसा मार्ग आज एजुकेशन रोड के रूप में परिलक्षित है। जिसमें स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, एग्रीकल्चर कॉलेज मौजूद हैं। उन्होंने निरंतरता को ही विकास पैमाना बताते हुए कहा कि कुरूद में सबसे ज्यादा यूजी और पीजी सब्जेक्ट वाला कॉलेज है, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईटीआई, बीए एलएलबी कॉलेज है। बीएड कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज को भी स्वीकृति मिल चुकी है। भखारा में जल्द ही लाइवलीहुड कॉलेज खुल जाएगा।जिससे कुरूद शिक्षा के क्षेत्र में पूरे प्रदेश में नंबर एक पर पहुंच जाएगा।

### तीन दिवसीय खेल समारोह में 250 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

एग्रीकल्चर कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर चर्रा में साउथ जोन स्पोर्ट्स मीट में नारायणपुर, कांकेर, पखांजूर, जगदलपुर और धमतरी-कुरूद एग्रीकल्चर कॉलेज के लगभग 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस तीन दिवसीय खेल समारोह में वालीबाल, टेबलटेनिस, बैडमिंटन, खो-खो कबड्डी और एथलेटिक्स होगा। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर, प्रसन्ना नायडू, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन श्री जॉनसन, विनोद नेताम स्पोर्ट टीचर गोपाल साहू, खिलेन्द्र साहू, चोवा साहू, सुनील सिन्हा, सनत सोनवानी, सतीश साहू, जगत पति देव, संदीप सिन्हा आदि मौजूद थे।

## कांग्रेसियों ने प. नेहरू को यादकर कार्यकर्ता स्व. चंद्राकर को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने स्थानीय कांग्रेस भवन में देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी जयंती पर याद कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि देश में आज के दिन को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। स्व. नेहरु बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे। आजादी के बाद जब उन्होंने प्रधानमंत्री का पद संभाला तो देश में अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी का व्यापक आलम था। अपने दृढ़ निश्चय, राष्ट्र के प्रति समर्पण से शिक्षा, सिंचाई के लिए बड़े बड़े बांध व नहर, चिकित्सा, औदयोगिक क्षेत्र, विदेशी निवेश, रोजगार बढ़ाने में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी सचिव घनश्याम चन्द्राकार को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा सुश्री राजकुमारी दीवान, जिला पंचायत सभापति तारिणी नीलम चन्द्राकार, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष रमेश्वर साहू, नगर पंचायत सभापति रोशन जांगड़े, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष व पार्षद देवव्रत साहू, पार्षद उत्तम साहू, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री कृष्ण कुमार साहू, पप्पू राजपूत, संतोष प्रजापति सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## रासेयो से छात्रों में अनुशासन व सेवा भावना का विकास : कविता



- जिपं वन सभापति ने देवपुर में रासेयो शिविर का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम देवपुर में कविता योगेश बाबर वन सभापति जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच चेतन ने की। अपने उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का गठन 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर इस उद्देश्य के साथ किया गया कि विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित, अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न हो। विद्यार्थी अपने रिक्त समय एवं अवकाश का सदुपयोग कर समाज की सेवा करें तथा अपनी शिक्षा की पूर्णतः तथा वास्तविक परिस्थितियों से साक्षात्कार भी कर सके जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास हो। रासेयो का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर शाउमा शाला के प्राचार्य एसके साहू, राहुल नेताम प्राचार्य सेजेस कंडेल, नारायण साहू विधायक प्रतिनिधि, आत्माराम ध्रुव, जयपाल ध्रुव, डॉ. रामकृष्ण साहू, ऋषभ चंद्राकर, रितेश यादव, तिलक राम साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दीपक मरौद मानस शक्ति केंद्र के अध्यक्ष मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

मानस शक्ति केंद्र का दीपावली मिलन व मनोनयन समारोह हुआ जिसमें सर्वसम्मति से दीपक गुहा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पुरानी बॉडी के अनुसार नेतराम साहू कोषाध्यक्ष एवं पुष्पा चंद्राकर सचिव रहे। अध्यक्ष ने बताया आगामी मीटिंग में कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। मौके पर निर्वाचन अधिकारी राजमानस संघ धमतरी के सचिव डॉ जेएल देवांगन, दानीराम साहू अधिवक्ता, संरक्षक आर दादर, प्रचार मंत्री फ़ालेश साहू उपस्थित थे। राज मानस संघ के संरक्षक पुरानिक राम साहू ने अध्यक्ष दीपक के नेतृत्व गुण की सराहना की। प्यारेलाल साहू कवि साहित्यकार ने दीपक गुहा का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। मौके पर संरक्षक लिखन लाल साहू, बिसहत साहू, बुधारूराम साहू, डॉ झुमुक लाल गुहा, हेमराज भार्गव, अमृत भार्गव, एसकुमार साहू, दिनेश ध्रुव, केशव ओझा, रुद्रनाथ साहू, रोहित दीवाना, मकसूदन पटेल, भोज साहू, प्रकाश साहू, लीलाराम यादव, निलमण साहू, पारस साहू, सत्यवान पटेल, पोखन साहू, पीतांबर साहू, ईश्वर विश्वकर्मा, लक्ष्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रज्ञा मानस परिवार मरौद ने किया। हेमराज भार्गव ने आभार प्रकट किया।

## बच्चों ने स्टॉल लगाकर बेचा गुपचुप, चाट



**सिर्री।** पं.जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर शाउमावि सिवनीकला में बाल मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा चाचा नेहरू को याद कर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। बच्चों द्वारा स्टॉल लगाकर गुपचुप, चाट-पकोड़ा, मिठाई, सब्जी एवं फल की बिक्री की गई। मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, सांसद प्रतिनिधि सुशील साहू, विधायक प्रतिनिधि कपिल पटेल, विक्रम साहू, खिलावन चंद्राकर, दीपदान साहू, निर्मल पाल, सुरेश पंच, राजकुमार सेन, मुरली, काशी तारक, गंभीर प्रसाद, कुंजीलाल साहू समेत स्कूल सटाफ उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों ने शासन की योजनाओं का किया प्रचार

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना योजना इकाई 1 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम सर्वे कर गांव के लोगों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे पीएम आवास योजना, पीएम जनधन बीमा योजना, पीएम सुकन्या योजना, पास्को एक्ट आदि की जानकारी गांव वालों को दी गई।

## सामाजिक न्याय की स्थापना का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नई फसल के स्वागत में किसानों की समृद्धि और खुशहाली के लिए ओबीसी संयोजन समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम कोर्रा के खेल मैदान परिसर में नारायण कौशिक युग पुरोहित धमतरी सहित 11 यज्ञाचार्य द्वारा 108 शिवलिंग स्थापित कर रुद्र महाभिषेक एवं महायज्ञ किया गया जिसमें 11 जोड़ा यजमानों को अभिमंत्रित रुद्राक्ष भेंट किया गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक शत्रुहन सिंह साहू के साथ सैंकड़ों लोगों ने सामाजिक न्याय की स्थापना का संकल्प लिया। समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष टिकेश्वर साहू का जन्म उत्सव सनातन संस्कृति के अनुसार मनाया गया। मौके पर जिला प्रभारी समारु सिन्हा, प्रचारक युवराज सिंह, जिला अध्यक्ष चेतन साखरे, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष सदानंद, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, बल्दूराम, सावंतराम, नरेंद्र धरमगुड़ी, जिला मीडिया प्रभारी आशीष साहू सहित ग्राम कोर्रा के अलावा आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाल दिवस पर हुई चित्रकला, निबंध, भाषण स्पर्धा




हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय बालक माध्यमिक शाला मड़ेली में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो की पूजा-अर्चना कर किया गया। शाला में बच्चों द्वारा चित्रकला, निबंध, भाषण , कुर्सी दौड़ एवं मटका फोड़ का कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रतिभागी छात्रों को पुरस्कार दिया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष मकसूदन साहू ने चाचा नेहरू के जीवन से बच्चों को अवगत कराया। बाल दिवस पर स्व. श्रीमती कमलादेवी गांधी की स्मृति में हरीश गांधी द्वारा शाला के बच्चों को न्योता भोज दिया गया।सुरेश बंधेल प्रधान पाठक ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षक होमलता साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन एवं मंत्री गाडगे भी उपस्थित थे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से बच्चे की मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत भानुप्रतापपुर निवासी 15 वर्षीय विकास कुमार कोमरे का बिजली करंट की चपेट में आने से 20 अक्टूबर को मौत हो गया। मृतक को ईलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डबरी में गिरने से बच्चे की हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत नरेटीटोला में 2 साल के बच्चे का डबरी में गिरने से मौत हो गया। नरेटीटोला निवासी सुखचंद मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक अरूण कुमार अपने दादा के साथ लाड़ी की ओर गया था। खेलते-खेलते अचानक डबरी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य शौर्य प्रदर्शन, महोत्सव का आयोजन होगा 17 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य शौर्य प्रदर्शन महोत्सव का आयोजन 17 नवंबर रविवार को 11 बजे से ग्राम पुजारीपारा कलंगपुरी में आयोजन किया जाएगा। यादव समाज के ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल राम यादव एवं ब्लॉक संरक्षक मेहतरू राम यादव ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्ण भगवान की असीम कृपा से यादव समाज के तत्वावधान में कृष्णा शोभायात्रा मंगल कलश एवं अहीर शौर्य प्रदर्शन राउत नृत्य महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। जिसके कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानुप्रतापपुर विधानसभा के विधायक सावित्री मनोज मंडावी, अध्यक्षता सुदामा यादव एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों के उपस्थिति में ब्लाक स्तरीय गोपाष्टमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की बैठक होगी कल

**कांकेर।** लघुवेतन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के प्रांतीय बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार प्रत्येक विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक चर्चा एवं रणननीति तैयार करने के लिए विभागवार आदिम जाति कल्याण, स्कूल शिक्षा, वन, लोक निर्माण, जल संसाधन, स्वास्थ्य, रेशम, पंचायत एवं समाज कल्याण, पीएचई, सहकारिता, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं अन्य सभी विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बैठक 17 नवंबर को सुबह 11 बजे पूर्व कन्या महाविद्यालय कांकेर घड़ी चौक माहुरबंदपारा में आयोजित की जाएगी।

पुष्पवर्षा के साथ हुआ शोभायात्रा का स्वागत, आमलंगर में सभी वर्ग के लोगों ने किया प्रसादी ग्रहण

# गुरूनानक देव जी के प्रकाश पूरब पर सिंधी समाज ने निकाली शोभायात्रा







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरुनानक देव के 555वें प्रकाश पूरब पर शुक्रवार को सिंधी समाज ने शहर में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा आमापारा स्थित बाबा गुरुदासराम दरबार से निकलकर बालकचौक, गोलबाजार, मठमंदिर चौक, सदरबाजार होते हुए पुनः आमापारा पहुंची। इसके पूर्व पूज्य श्री सिंधी पंचायत धर्मशाला में 12 बजे से आमलंगर का आयोजन किया गया। दरबार में भोग साहिब का आयोजन सुबह 7 बजे हुआ, जिसमें सभी समाजजन उपस्थित थे। भोग साहब के साक्षी बने गुरूनानक देव से देश में सुख शांति की कामना की गई।

शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत हुआ। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार व पेयजल की व्यवस्था की गई। आतिशबाजी का दौर चला। बैंडबाजे की धुन पर युवा थिरकते रहे। समाज की महिलाएं गुरुनानक देव के भजन गाते चल रही थीं। रथ पर गुरूनानक देवजी की तस्वीर को आकर्षक रूप से लगाया गया था। रास्तेभर सेवादारों ने भक्तों को प्रसादी का वितरण किया। शोभायात्रा के बाद रात्रि में पूज्य श्री सिंधी पंचायत में गुरुनानक देव की आरती हुई। आरती के बाद समाजजनों ने सामूहिक जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया। देर रात तक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा।

कार्यक्रम में समाज के मुखी चंद्रलाल जसवानी, रामचंद्र वाधवानी, किशोर लखवानी, संतोष तेजवानी, महेश रामरख्यानी, किशोर वाधवानी, मीडिया प्रभारी राजेश चावला, चंद्रलाल डोडवानी, महेश तेजवानी, सुरेश वल्र्यानी, राकेश चंदवानी, महेश वाधवानी, महेश रोहरा, प्रकाश वाधवानी, महेश जसूजा, रमेश नैनानी, पुरूषोत्तम वाशानी, जयराम वाधवानी, रोहित बख्तानी, दरयानमल, भजन लाल, महेश लच्छवानी, लक्ष्मण दास, सुरेश मुलानी, लक्ष्मण लालवानी, मोहन लालवानी, गौतम वाधवानी, एमके तेजवानी, अशोक बुधवानी, ओजस तेजवानी, अर्जुन जसवानी, लक्ष्मण हिन्दूजा, अमर पिंजानी, अमित पिंजानी, विशाल पोपटानी, नानक गोविंदानी, हीरा पंजवानी, इंदर रामरख्यानी, दिलीप चावला, विनोद चावला, गोवर्धन चावला, प्रकाश मूलवानी, प्रकाश सचदेव सहित समाज के सभी सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

### मठ मंदिर चौक में संघ के स्वयंसेवकों ने की पुष्पवर्षा



शोभायात्रा के मठमंदिर पहुंचने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पुष्पवर्षा कर सिंधी समाज के लोगों का स्वागत किया। समाजजनों को गले लगाकर गुरुनानक देव के प्रकाश पूरब की बधाई दी। इस अवसर पर गौरव मगर, योगेश गांधी, दिलीपराज सोनी, डीपेंद्र साहू, योगेश साहू, राजू सोनकर, विजय नामदेव, ऋषभ घोरपड़े, वेदू साहू, सागर निर्मलकर, रोहित देवांगन, राजेंद्र पटेल, नंदलाल जसवानी, कोमल सार्वा, उमेश बशिष्ट, प्रिंस जैन, विनय पटवा, सुभांत सोलंकी, गौरव सोलंकी, हेमचरण साहू, मानव यादव, योगेंद्र यादव, नोहर देवांगन, शैलेष चंद्राकर, यश गांधी, अभिषेक यादव, विजयंत रणसिंह, हेमल फूटान आदि उपस्थित थे।

# देवोत्थान के बाद अगले पांच माह तक विवाह के 30 मुहूर्त



- विवाह भवन, धर्मशाला, बैंडबाजा की एडवांस बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देवउठनी एकादशी के 10 दिन बाद 22 नवम्बर से शादी ब्याह के लग्न शुरू हो जाएंगे। इस बार शादी ब्याह के लिए मार्च 2025 तक लग्न होने की वजह से अंचल में खूब शादियां होंगी। इसकी तैयारी परिजन कर रहे हैं। देखा जाए तो मार्च तक 30 से अधिक लग्न हैं। वहीं देवशयनी एकादशी आते तक कुल 53 शुभ मुहूर्त हैं।

ज्योतिषाचार्य पंडित सूर्यकांत तिवारी ने बताया कि नवम्बर में 22, 23, 27 को शुभ मुहूर्त हैं। दिसम्बर में 4, 6, 7, 12 और 14 को, जनवरी में 16, 17, 21, 22 और 30 को, फरवरी में 3, 4, 6, 7, 13, 18, 20, 21 25, मार्च में 3, 5, 8 तथा अप्रैल में 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29, 30 को शुभ मुहूर्त हैं। इस तिथि को विवाह किया जा सकता है। यह तिथि देव पंचांग के अनुसार है।

श्री तिवारी ने बताया कि 6 जुलाई 2025 को देवशयनी एकादशी है। इसके बाद सभी मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। 10 जुलाई को गुरू अस्त हो रहा है। इसके बाद सावन माह लग जाएगा। इस तरह चातुर्मास प्रारंभ हो जाएंगे। हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार देवशयनी के बाद शादी, उपनयन, नए घर प्रवेश, मकान निर्माण की शुरूआत जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाएंगे।

आमंत्रण हेरिटेज के केके साहू ने बताया कि शादी विवाह के लिए साहू भवन की एडवांस बुकिंग जारी है। उन्होंने बताया कि नवम्बर माह में 4 बुकिंग हैं। इसी तरह दिसम्बर के लिए अभी से 2 एडवांस बुकिंग की जा चुकी है।

शामियाना केटरिंग के संचालक साधु सोनकर ने बताया कि शादी व अन्य शुभ कार्यों के लिए उनके पास 9 बुकिंग हैं जिसके लिए वे टेंट, शामियाना, कुर्सी, महाराज कुर्सी, लाइट, तालपत्री, दरी, किचन बर्तन, गैस चूल्हे की एक्सट्रा खरीदी कर ली है।

महाराणा प्रताप गार्डन विवेकानंद कालोनी के संचालक दीपक ठाकुर ने बताया कि नवम्बर दिसम्बर में शादी, सगाई रिसेप्शन आदि के लिए उनके पास चार एडवांस बुकिंग हो चुकी है। बुकिंग के लिए लोग रोज संपर्क कर रहे हैं। मनमाफिक तारीख मिलते ही एडवांस बुकिंग लेने का सिलसिला जारी है।

### सराफा, कपड़ा बाजार में छाई रौनक

देवउठनी के बाद परिजन वर-वधु की तलाश में जुट गए हैं। सगाई के बाद तारीख फिक्स होते ही विवाह भवन, धर्मशाला, बैंडबाजा की बुकिंग शुरू हो गई है। सराफा बाजार में मनपसंद आभूषण का आर्डर देने ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। वहीं कपड़ा बाजार में इस साल दोगुनी बिक्री बढ़ने का अनुमान है।

# पौने दो किलो गांजा के साथ आरोपी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सूखे नशे का कारोबार शहर सहित गांवों में खूब फलफूल रहा है। आए दिन हो रही पुलिस कार्रवाई के बाद भी गांजे की पुड़िया शहर, गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही है। इसी कड़ी में भखारा पुलिस ने ग्राम टिपानी निवासी भगवानलाल साहू को करीब दो किलो गांजा के साथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ धारा 20/ख नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना प्रभारी स्टाफ के साथ पेट्रोलिंग पर निकले थे। मुखबिर से पता चला कि ग्राम टिपानी निवासी भगवानलाल अपने मकान की बाड़ी में गांजा रखकर बेच रहा है। पुलिस ने भगवान के घर की तलाश की जहां बाथरूम में अवैध गांजा पाया गया। भगवान साहू के कब्जे से 1 किलो 794 ग्राम गांजा कीमत 17940 रुपए, बिक्री रकम 300 रुपए, पुराना इस्तेमाल मोबाइल 500 रुपए, इलेक्ट्रानिक तराजू 1500 रुपए कुल 20240 रुपए जब्त कर भखारा थाना में नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर, प्रआ त्रिलोकी बघेल, आरक्षक खुम्मनलाल साहू, हरिशंकर सिन्हा, ईश्वर साहू, केशव मुरारी सोरी शामिल थे।

# एग्रीमेंट में मिली समय-सीमा पर करेंगे मरम्मत कार्य

- ठेकेदार की उदासीनता के कारण राहगीर परेशान
- चर्रा, कोकड़ी, खैरा से सेमरा (बारना) तक सड़क की हालत है खराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही व ठेकेदार की मनमानी से सड़क मरम्मत कार्य में लेटलतीफी हो रही है जिसका खामियाजा राहगीरों एवं जनता को उठाना पड़ रहा है। परिणाम स्वरूप सड़क मार्ग पर चलने पर हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

दरअसल ब्लॉक मुख्यालय कुरुद पहुंचने के मार्ग चर्रा, कोकड़ी, खैरा, बानगर, कातलबोड़, झुरानवागांव, सिवनी, बारना, सेमरा और अन्य गांवों के लोगों को इस मार्ग से गुजरने में बहुत परेशानी हो रही है। इस गड्ढेदार मार्ग पर आवागमन करने वाले लोगों को दुर्घटना का खतरा बना रहता है, जिससे कई लोग चोटिल हो चुके हैं। रोजाना बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं संतगुरु घासीदास महाविद्यालय कुरुद, कृषि महाविद्यालय चर्रा, आईटीआई, केंद्रीय विद्यालय और अन्य संस्थाओं में पढ़ने के लिए इसी मार्ग से आते जाते हैं। खतरनाक रास्ते से अपनी जान जोखिम में डालकर अध्ययन के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं के पालकों में ठेकेदार व विभागीय अधिकारी को लेकर आक्रोश है।

### शीघ्र डामरीकरण करवाने कलेक्टर से मांग

क्षेत्र के जनपद सदस्य रविंद्र साहू ने बताया कि कुरुद बाजार में खरीदारी करने वाले सब्जी मंडी और कृषि उपज मंडी में कृषकों को अपनी उपज बेचने लाने में परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाले लोग भी परेशान है। सड़क मरम्मत के लिए लाखों की स्वीकृति हुई है। महीनों बीत गये पर अब तक डामरीकरण नहीं हो पाया है। केवल बजरी गिट्टी डालकर छोड़ दिया है जो दोपहिया वाहनों के लिए मुसीबत खड़ी कर रहा है। रविंद्र ने बताया कि कलेक्टर से उन्होंने शीघ्र डामरीकरण करने व भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है।

### क्या कहते हैं पीडब्ल्यूडी के एसडीओ

इस संदर्भ में पीडब्ल्यूडी कुरुद के एसडीओ श्री गंजीर ने बताया कि संबंधित ठेकेदार का काम भखारा क्षेत्र के एक सड़क मार्ग पर चल रहा है। चर्रा मार्ग का बीटी पेच करने बोला हूं तो समय-सीमा में काम हो जाने की बात कही है। एक बार उन्हें पत्र लिखकर कार्य में तेजी लाने की भी निर्देश कर चुके हैं बावजूद वे टेंडर एग्रीमेंट का हवाला देकर तय समय-सीमा में कार्य को पूरा कर लेने की बात कर रहे हैं। लगातार जनप्रतिनिधियों के फोन कॉल जल्द मरम्मत करवाने के लिए आ रहे हैं। मैं भी अपने अधिकार क्षेत्र के तहत काम कर रहा हूं। मेरे ऊपर भी अधिकारी है। प्रयास जारी है।

# हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग



- शिवसेना ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे- ने सुभाष नगर निवासी आदिवासी युवक की हत्या के दोषियों को उम्रकैद एवं परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। शिवसेना के जिला प्रभारी उमेश पटेल, युवराज जांगड़े, महेन्द्र साहू, पुरूषोत्तम पटेल ने ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 2 नवम्बर को आदिवासी युवक युवराज पिता जितेन्द्र हल्बा एवं नीरज पिता बसंत नाग सुभाष नगर निवासी पर गौरी-गौरा विसर्जन के दौरान धक्कामुक्की हो जाने पर 15-20 लोगों ने प्राणघातक हमला कियाथा जिससे युवराज हल्बा की घटना स्थल पर मौत हो गई। इससे परिवार का एकलौता सहारा छीन गया। मृतक युवराज की पढ़ी लिखी बहन है जिसे सरकारी नौकरी दी जाये तथा घायल नीरज नाग का उपचार एम्स में जारी है जिसे शासन द्वारा आर्थिक सहायता दी जाये। शिवसेना ने अपराधियों को फांसी की सजा दिलाने तथा एसटीएससी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग की है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना की







**धमतरी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर कृदत्त कॉलोनी में आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कॉलोनीवासियों ने नीलेश्वर महादेव के दरबार में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।

# उपसरपंच, पंचों की भूख हड़ताल समाप्त



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत अरौद के उपसरपंच सहित पंच सरपंच, सचिव पर आर्थिक अनियमितता की शिकायत पर उचित जांच नहीं करने के विरोध में 15 नवंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे थे। ग्राम पंचायत भवन के समक्ष बैठे भूख हड़ताल से प्रशासन हरकत में आ गया। तहसीलदार मनोज भारद्वाज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या ठाकुर, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, आरईएस एसडीओ संजय चंद्राकर, सब इंजीनियर सरोज साहू, माधुरी नेताम, चारूलता कंवर, थाना प्रभारी राजेश जगत सहित पुलिस बल सुबह से शाम तक उपस्थित थे। हड़ताल कर्मियों की मांग पर पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, सचिव माहेश्वरी ध्रुव ने शिकायतों की सूक्ष्म जांच की। अंतिम प्रतिवेदन के लिए चार दिन का समय मांगने पर भूख हड़ताल समाप्त की। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।













